हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

11 15 दिनों के अंदर कैंपस को आवारा कुत्तों से मुक्त करवाएं



12 2.7 किलो अफीम के साथ 6 युवकों को किया काबू




# आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

## -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

## -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी



आदिश जैन

**नारनौल** | आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ-इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होंने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

### पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण में आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।

ADVT.





## खबर संक्षेप

### लाखों की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने लाखों रुपये की हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान लखन पुत्र चन्द्रभान निवासी काबरेल जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक से पूछताछ के बाद उसे हेरोइन सप्लायर करने वाले युवक के खिलाफ भी थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जेएनवी प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को

**फतेहाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए होने वाली चयन परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा जारी कर दिए गए हैं। चयन परीक्षा 13 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे से 1.30 बजे तक सभी खंड मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 3224 विद्यार्थी पंजीकृत है। जिला फतेहाबाद के छह खंडों में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जो प्रवेश पत्र पर अंकित है।

### बेकाबू होकर ट्राला पलटा शीशा तोड़कर कूदा ड्राइवर

**टोहाना।** टोहाना में सीमेंट की चद्दरों से भरा एक ट्राला बेकाबू होकर पलट गया। यह ट्राला राजस्थान से पंजाब जा रहा था। ड्राइवर ने शीशा तोड़कर कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही की उसे ज्यादा चोट नहीं आई। मिली जानकारी अनुसार, हादसा गुरुवार को सुबह नेशनल हाईवे 148 बी पर गांव समैन के पास हुआ, जिससे हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया।

### पीओ स्टाफ ने फरार भगोड़े को दबोचा

**फतेहाबाद।** पीओ भगौड़े की धरपकड़ अभियान के तहत पीओ स्टाफ फतेहाबाद ने एक लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ के प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पंकज पुत्र दिवान चंद निवासी सुंदर नगर, फतेहाबाद काफी समय से फरार था। आरोपी के खिलाफ अदालत द्वारा पारित आदेशानुसार उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

### विज्ञापन के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने एक साइबर ठगी मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फखरूद्दीन पुत्र जानु, निवासी मुबारिकपुर, जिला मेवात के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता अभिषेक पुत्र प्रमोद कुमार, निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद ने थाना में शिकायत दी थी कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक अज्ञात व्यक्ति को अपनी ट्रैवल एजेंसी का विज्ञापन करने के नाम पर 8 हजार का भुगतान किया। बाद में उन्हें पता चला कि यह एक साइबर फ्रॉड था। शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया।

## अब हसंगा को उप-तहसील का दर्जा देने की मांग तेज

# भिरड़ाना को उप तहसील का दर्जा देने की मांग विवादों में घिरी

### 11 ग्राम पंचायतों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, बोले-भिरड़ाना में शामिल न किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद/भूना

भिरड़ाना गांव को उपतहसील का दर्जा दिए जाने की मांग अब विवादों में घिरती नजर आ रही है। पहले गांव भिरड़ाना के कुछ गणमान्य लोगों ने सरकार को ज्ञापन भेजकर भिरड़ाना को उपतहसील का दर्जा दिए माने की मांग रखी थी। बाद में भिरड़ाना के ही लोगों ने एकत्रित होकर इस बात पर रोष जताया था कि उनको रतिया नजदीक पड़ता है, ऐसे में भिरड़ाना को अलग उपतहसील का दर्जा न दिया जाए। अब भिरड़ाना के साथ लगते गांव हसंगा के ग्रामीणों ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर हसंगा को उपतहसील का दर्जा देने की मांग रख दी है। वीरवार को ग्राम पंचायत हसंगा एवं आसपास के ग्रामीणों ने फतेहाबाद के उपायुक्त डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपकर हसंगा गांव को उप-तहसील का दर्जा देने की मांग रखी।



भूना। डीसी को उप तहसील का दर्जा देने हेतु ज्ञापन देते हुए ग्रामवासी।

### भिरड़ाना से दूरी व संसाधनों की कमी

ग्रामीणों ने बताया कि भिरड़ाना गांव के साथ दूरी काफी अधिक है, जिससे आम नागरिकों का आना-जाना बेहद मुश्किल है। सरकारी परिवहन सुविधा भी सीधी उपलब्ध नहीं है और बुनियादी संसाधनों की कमी के कारण वहां नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणों का मानना है कि यदि उप-तहसील वहां बनाई गई तो लाखों की आबादी को अतिरिक्त परेशानी होगी। उधर, हसंगा सहित 11 ग्राम पंचायतों, जिनमें महमदपुर सोतर, कुनाल, पालसर, रायपुर ढाणी, पंडरी, दिगोह, भूंदड़ा, गुरुसर, मुंशीवाली, सुखलमपुर शामिल हैं, ने भी संयुक्त प्रस्ताव देकर भिरड़ाना की बजाय हसंगा को उप-तहसील बनाए जाने की मांग की है। पंचायतों ने यह भी स्पष्ट कहा है कि उन्हें भिरड़ाना में शामिल न किया जाए और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए हसंगा को उप-तहसील का दर्जा दिया जाए।

### डीसी ने प्रस्ताव सरकार को भेजने की बात कही

डीसी डॉ. विवेक भारती ने ग्रामीणों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि प्रस्ताव को आयुक्त के माध्यम से सरकार तक भेजा जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की भावनाओं और मांग को गंभीरता से विचाराधीन रखा जाएगा।

ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि सरकार की नीति के अनुसार उप-तहसील बनाने की प्रक्रिया जारी है और चर्चाएं हैं कि हसंगा को भिरड़ाना के साथ जोड़ा जा सकता है, लेकिन हसंगा अपने आप में उप-तहसील बनने की पूर्ण पात्रता रखता है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला परिषद वार्ड 11 की सदस्य अंजू बाला सिहाग, सरपंच वकील सहाराण, नंबरदार जंगीर सिंह, पंचायत समिति सदस्य कमलेश शर्मा सहित समस्त पंच एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हसंगा गांव में सरकार की सभी प्रमुख सुविधाएं पहले से मौजूद हैं और पंचायत उप-तहसील के लिए निःशुल्क जमीन देने को भी तैयार है।

# 7 दिसंबर तक छाए रहेंगे बादल 8 से फिर करवट लेगा मौसम

- उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से रात को बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

इन दिनों पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने के बाद 7 दिसंबर तक बादलवाई रहने की संभावना है। इससे दिन के तापमान में हलकी गिरावट व रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान हवा में बार-बार बदलाव होने के चलते वातावरण में नमी बढ़ेगी जिससे धुंध भी बढ़ सकती है। 8 दिसंबर से मौसम फिर करवट लेगा। उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट आएगी। पिछले 24 घंटे में तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। वीरवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किसानों के अनुसार नवंबर माह में बारिश गेहूं की फसल के लिए अच्छी मानी जाती है। राज्य में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ तो आए मगर वह इतने कमजोर थे कि उनसे बारिश नहीं हुई। हालांकि बीते दो दिनों में बादलवाई जरूर छाई रही। वीरवार को अलसुबह हल्की धुंध के बाद दोपहर में मौसम लगभग साफ रहा। दिन में 11 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चली। मौसम विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को सलाह दी है कि सुबह के समय कोहरे और ठंड से बचाव के उपाय करें तथा आवश्यक कार्यों के लिए दिन के समय ही बाहर निकलें। वहीं धुंध के चलते सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए वाहन चालकों को सावधानी बरतने की अपील की गई है। सुबह और देर रात यात्रा करने से पहले वाहन की हेडलाइट, इंडिकेटर और फॉग लाइट की जांच कर लें। साथ ही तेज रफ्तार से बचें और सड़क पर पर्याप्त दूरी बनाए रखें। आज से रात्रि तापमान में फिर से गिरावट आने की संभावना है। इस दौरान वातावरण में नमी होने से हवा में बदलाव रहने तथा उत्तर व उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं हल्की से मध्यम गति से चलने की संभावना है।



**फतेहाबाद।** सड़क पर छाई धुंध। *फोटोः हरिभूमि*

### परिवर्तनशील रहेगा मौसम : खिचड़

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार प्रदेश में मौसम आमतौर पर 7 दिसंबर तक परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 7 दिसंबर के दौरान बीच-बीच में आंशिक बादलवाई रहने की संभावना है। इससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान हवा में बार-बार बदलाव होने तथा हवाएं हल्की गति से चलने की संभावना है।

### एक्यूआई 150-200 के बीच घूम रहा

शहर की आबोहवा नवंबर माह में लगभग खराब ही रही। कुल पांच दिन एक्यूआई येलो जोन में रहा। हालांकि दिसम्बर के पहले दिन एक्यूआई में कुछ सुधार हुआ। वीरवार को यहां एक्यूआई 197 रिकार्ड किया गया। हालांकि यह भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। फतेहाबाद का एक्यूआई 10 दिन रेड व 14 दिन ऑरेंज जोन में पूअर श्रेणी में दर्ज किया गया। हालांकि दिसंबर में यह 150 से 200 के बीच ही घूम रहा है। दीपावली व धान सीजन खत्म होने के बाद पराली जलने व कूड़ा-कर्कट जलने से एक्यूआई 500 के स्तर तक जा पहुंचा था।

# लाखों रुपये की हेरोइन सहित चार तस्कर किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

डबवाली पुलिस ने डबवाली क्षेत्र से चार नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रुपये की हेरोइन बरामद की है। सीआईए कालांवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान प्रीतपाल सिंह, अमरीक सिंह, संदीप कुमार व संजय कुमार निवासी मलिकपुरा, जिला सिरसा के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई मनोहरलाल पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गांव गदराना में लकड़ावाली रोड पर नाकाबंदी के दौरान मौजूद थे। इसी दौरान गांव लकड़ावाली की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर वापस मुडक़र भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया।

### दूसरा मामला

*इसके अलावा पुलिस ने गांव गोरीवाला क्षेत्र से संदीप कुमार व संजय कुमार को सात ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा है। गोरीवाला पुलिस चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने रोका और तलाशी ली तो उनके कब्जे से सात ग्राम हेरोइन बरामद हुई।*

### तीसरा मामला

*इसके अलावा पुलिस ने मंडी कालांवाली क्षेत्र से हेरोइन तस्करी में वांछित आरोपी अमरीक सिंह को काबू है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 7.29 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसे यह हेरोइन अमरीक सिंह निवासी तारूआना जिला सिरसा ने ही बेची थी।*

### धोखाधड़ी का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**डबवाली।** साइबर क्राइम डबवाली व थाना कालांवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने चार लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में संलिप्त आरोपी को दिल्ली क्षेत्र से काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरमान पुत्र नसरत खां निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। साइबर क्राइम डबवाली प्रभारी पीएसआई संजीव कुमार ने बताया ने कि अमरजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खाते से अचानक अलग-अलग समय पर कुल 04 लाख रुपये कट गए। संबंधित बैंक से पता करने पर उसे उसके साथ हुए फ्रॉड का पता चला। जिसकी शिकायत उसने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की।

# रतिया में भी बदले जाएं पुराने पोल

- बॉस्केटबाल खिलाड़ियों ने की प्रशासन से मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

पिछले दिनों रोहतक में एक खिलाड़ी की खेल विभाग की लापरवाही की वजह से बास्केट बॉल पोल खिलाड़ी के ऊपर गिरने से जो मौत हुई है, उसकी रतिया बास्केट बॉल टीम ने कड़े शब्दों में निंदा की और मृतक खिलाड़ी को श्रद्धांजली अर्पित की। रतिया बास्केट बॉल टीम ने सरकार व खेल विभाग से अनुरोध किया कि इस घटना से सबक लेकर जहां जहां पर भी कंडम पोल है, उनको बदलकर नए लगाए जाएं।



रतिया। बॉस्केटल बाल खेलते खिलाड़ी। *फोटोः हरिभूमि*

### बास्केट बॉल ग्राउंड पुराने व जर्जर हालात में

*रतिया बास्केट बॉल टीम के खिलाड़ियों ने बताया कि रतिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने बास्केट बॉल ग्राउंड के पोल को काट दिया गया है। इसके साथ साथ जो दो पोल लगे हुए हैं, वह भी काफी पुराने हैं उनको भी बदलकर बास्केट बॉल का नया ग्राउंड बनाने की जरूरत है। रतिया बास्केट बॉल टीम की तरफ से हरियाणा सरकार, खेल विभाग व जिला प्रशासन से अपील की गई है कि रतिया में जो बास्केट बॉल ग्राउंड पुराने व जर्जर हालात में है, उसको ठीक करवाया जाए।*

# पुलिस ने चोरी के गेहूं सहित दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

गोरीवाला चौकी पुलिस ने एक मकान से गेहूं व घी चोरी के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान निर्मल कुमार उर्फ निम्मा पुत्र राधाकृष्ण व अंकुश पुत्र शिव कुमार निवासी ढाणी केशव गंगा जिला सिरसा के रूप में हुई है। गोरीवाला चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि महावीर पुत्र खेता राम निवासी ढाणी केशव गांव गंगा के ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि वह परिवार सहित रिश्तेदारी में जागरण में गए थे। अगले दिन सुबह उन्होंने आकर देखा तो उनके घर का ताला टूटा पड़ा था और घर से गेहूं के 8 कट्टे व घी गायब मिला। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाना सदर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा घी, गेहूं व वारदात में प्रयोगशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया गया।



पुलिस गिरफ्त में गेहूं चोरी के आरोपी।

**समाधान शिविर** उपायुक्त ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

# लाजपत नगर के रिहायशी क्षेत्र में बनी फैक्ट्रियों को हटवाने की मांग, समाधान शिविर में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के लाजपत नगर में रिहायशी क्षेत्र में चल रही दूध से बनने वाले पदार्थों की फैक्ट्री को बंद करने की मांग की गई है। लाजपत नगर के लोगों ने इस बारे समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के सामने यह शिकायत रखी है। लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता डॉ. विवेक भारती ने की, जहां आमजन की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धुंध के मौसम को ध्यान में रखते हुए सडक़ों की मरम्मत, रोड मार्किंग तथा अन्य रख-रखाव कार्य समयबद्ध तरीके से किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे संकेतक, रिफ्लेक्टर तथा आवश्यक मार्ग संकेत स्पष्ट रूप से लगाए जाएं, ताकि आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।




**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। *फोटोः हरिभूमि*

### अन्य प्राप्त शकायतें

समाधान शिविर में काजलहेड़ी निवासी सुनील कुमार ने बिजली विभाग द्वारा लगाए गए बिजली मीटर का जुर्माना माफ करवाने, धांगड़ निवासी कृष्ण कुमार ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, बड़ोपल निवासी शकर सिंह, भिरड़ाना निवासी जीतो बाई व दैयड़ निवासी सुनील कुमार ने पीपीपी आईडी में इनकम कम करवाने तथा आदि लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं।

### जल्द करें समाधान

डीसी डॉ. विवेक भारती ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज जाम, पानी की पाइप लाइन लीक अथवा पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतें प्राप्त होते ही तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल और स्वच्छता से जुड़े मुद्दे सीधे जनता के स्वास्थ्य से जुड़े हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## बाल विवाह के खिलाफ दिलाई सामूहिक शपथ

**टोहाना।** एसडीएम आकाश शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में कर्मचारियों और नागरिकों को बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने स्तर पर बाल विवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि यह प्रथा बच्चों के भविष्य को प्रभावित करती है और उनके शिक्षा, स्वास्थ्य तथा विकास के अधिकारों को गंभीर नुकसान पहुँचाती है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी रूढिय़ों को खत्म करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी निभानी होगी।

## गोशाला के बाहर बेमियादी धरना जारी

**सिरसा।** श्री गोशाला के बाहर शिवभक्तों का धरना गुरूवार को 12वें दिन में प्रवेश कर गया। बाबा की आरती गुरूवार को भी बाहर की गई। आरती में शिवभक्तों ने कामना की कि श्री गोशाला पदाधिकारियों को सद्बुद्धि मिले। वीरवार को धरने पर आरएसएस के प्रचारक सदस्य भी पहुंचे। उन्होंने गौशाला में जाकर स्थिति का पता किया और यह माना कि गौशाला कमेटी के सदस्यों ने गलती की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले में निजी रुचि ले रहे हैं और जल्द ही यह मामला हल करवा दिया जाएगा। श्री गोशाला में स्थापित शिव मंदिर के संस्थापक परिवार के सदस्य भवानी शंकर ने कहा कि श्री गौशाला की मैनेजमेंट कमेटी शिव भक्तों की आस्था से खिलवाड़ कर रही है।

## हेरोइन मामले का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने 10 ग्राम हैरोइन बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को जेल प्रोडक्शन वांरट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि कि बीती 12 मई 2025 को सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिंग थाना क्षेत्र से सुनील कुमार निवासी थेहड़ मोहल्ला को 10 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि उक्त हैरोइन उसने हरदीप सिंह निवासी पीरांवाली जिला हिसार से ली थी। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ डिंग थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरू की थी।

## नकदी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने रानियां रोड क्षेत्र में स्थित केला स्टोर से 90 हजार रुपए की नकदी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को सब्जी मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि केला स्टोर मालिक कश्मीर चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बीती 21 नंबवर की रात को कुछ अज्ञात युवकों ने रानियां रोड पर स्थित केला स्टोर का ताला तोडक़र गल्ले से करीब 90 हजार रुपए की नकदी चोरी कर मौका से फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर शहर थाना सिरसा में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## अवैध चिकन कॉर्नर के खिलाफ करें कार्रवाई

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने थाना व पुलिस चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत सभी अपने अपने थाना क्षेत्राधिकार में अवैध अहाता तथा चिकन कॉर्नरों पर शराब पिलाने वाले संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर महफिल सजाने तथा सड़क किनारों पर गाडियां खड़ी कर शराब पीने वालों के साथ भी सख्ती से निपटा जाए। पुलिस अधीक्षक ने जिला के सभी पुलिस थाना प्रभारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्राधिकारों में अवैध रूप से चलाए जा रहे अहाते व चिकन कॉर्नर संचालकों की खोज खबर लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें।

### उपायुक्त ने जिले के शिक्षण संस्थाओं को दिए निर्देश

# 15 दिनों के अंदर कैंपस को आवारा कुत्तों से मुक्त करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** शिक्षण संस्थानों की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों व जिला के शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों व प्रभारियों के साथ बैठक कर शिक्षण संस्थानों को आवारा कुत्तों व बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने बैठक में सड़क सुरक्षा व नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में नियमित जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं में जागरूकता लाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक संस्था को मासिक गतिविधियों की रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजनी होगी।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक शिक्षण संस्थान में आवारा कुत्तों व बेसहारा पशुओं से मुक्त संबंधित एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सभी संस्थान 15 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि उनका कैंपस आवारा कुत्तों व बेसहारा पशुओं से मुक्त घोषित किया जा चुका है, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्था में यदि चारदीवारी या गेट क्षतिग्रस्त है, तो उसे तुरंत दुरुस्त करवाया जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि दोनों अधिकारी समन्वय से जिले के सभी खेल मैदानों का निरीक्षण करवाए। स्कूल, कॉलेज व स्टेडियम में यदि कोई खेल उपकरण क्षतिग्रस्त है तो उसे तुरंत हटाया जाए, अथवा ठीक किया जाए। उन्होंने साफ सफाई और सुरक्षित खेल वातावरण को

### स्कूलों में असुरक्षित कमरें न हो, स्कूलों बसों चेकिंग की जाए

उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि किसी भी शिक्षण संस्थान या भवन में असुरक्षित कमरें न हो। उन्होंने कहा कि हर शिक्षण कक्ष सुरक्षित और बच्चों के अनुकूल होना चाहिए, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षा भी सुनिश्चित रहे। स्कूल बसों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए डॉ. विवेक भारती ने कहा कि सर्दी व धुंध के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्कूल संचालक बसों के संचालन में सभी आवश्यक सावधानियां बरतें। उन्होंने बताया कि बसों की चेकिंग का विशेष अभियान चलाया जाए ताकि कोई भी वाहन बिना मानकों के संचालन में न हो। स्कूल बसों में फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, इंश्योरेंस, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा किट, विंडो ग्रिल, आपातकालीन द्वार तथा सुरक्षित सीटों की उपलब्धता अनिवार्य होनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीसी अनुराग ढालिया, सीटीएम गौरव गुप्ता, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीएसओ विष्णु दास सहित संबंधित खंडों के बीईओ, नगर परिषद व नगर पालिका के सचिव सहित जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य व प्रभारी मौजूद रहे।

# बेघर व जरूरतमंदों को रैन बसेरों में गर्म कंबल और आश्रय सुविधा देने के निर्देश

- शीतलहर से प्रभावी बचाव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना



**टोहाना।** अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम आकाश शर्मा।

शीतलहर और कड़ाके की सर्दी के संभावित प्रभावों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली और आमजन की सुरक्षा, राहत और आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा दी जा रही चेतावनियों को देखते हुए प्रशासन का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण असुरक्षित या असहाय न रहे। एसडीएम ने कहा कि शीतलहर के दौरान बेघर और जरूरतमंद लोगों के लिए रैन बसेरे होना आवश्यक है, इसलिए रैन बसेरों के संचालन, प्रबंधन और सुविधाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी रैन बसेरों में गर्म बिस्तर, पर्याप्त कंबल, स्वच्छ पानी और प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध हो।

*उपायुक्त ने लघु सचिवालय का किया निरीक्षण*

# नागरिकों की सुविधाओं तथा रिकॉर्ड प्रबंधन की स्थिति जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित तहसील कार्यालय, ई-दिशा केंद्र व अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं तथा रिकॉर्ड प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन जनता को पारदर्शी, कुशल व समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों से संबंधित कार्यों में अनावश्यक देरी न की जाए और प्रत्येक आवेदन व शिकायत का निपटान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में आने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं, सेवाओं और प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी प्रदान की जाए ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

*मिशन बुनियाद के तहत हुआ खंड स्तरीय कार्यक्रम*

# उच्च शिक्षा, उज्जवल भविष्य की बुनियाद: सुनीता साईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते अध्यापक व विद्यार्थी।

मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत वीरतवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में खंड स्तरीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करना, सीखने के स्तर को पहचानना तथा शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना था। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण-सीखण आधारित गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, कालांवाली के उपमंडल अधिकारी मोहित कुमार मेहराणा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार, सीईओ, जिला परिषद डॉ. सुभाष चंद्र, खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार, प्रधानाचार्य जगशरण, सुरजभान, ईश्वर डूडी आदि मौजूद थे। मुख्यातिथि मोहित कुमार मेहराणा ने कहा कि मिशन बुनियाद राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जो विद्यार्थियों की भाषा, गणित व समझ आधारित क्षमताओं को सुदृढ़ करती है।

## कुमारी सैलजा ने प्रदेश के हितों को रखा सर्वोपरि: केडिया

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा द्वारा देश की सबसे बड़ी पंचायत में हरियाणा के हितों की वकालत करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। नवीन केडिया ने जारी बयान में कहा कि सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने हरियाणा विशेष तौर पर सिरसा लोकसभा हलके के गांवों में पेयजल की समस्या को लेकर संसद में जो सवाल उठाए, वे वास्तव में जमीनी हकीकत से जुड़े हुए हैं। सांसद सैलजा ने जिस तरीके से सिरसा लोकसभा के गांवों में पीने के पानी की समस्या को उठाया, सतही तौर पर यह समस्या आम जनमानस की लंबे समय से बनी हुई है। कुमारी सैलजा ने प्रदेश के हितों को रखा सर्वोपरि रखा है।

# राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में मनाया भारतीय भाषा उत्सव

- आरजू भाषा वृक्ष प्रतियोगिता में रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** भारतीय भाषा उत्सव-2025 कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को भारतीय भाषा उत्सव-2025 मनाया गया। कार्यक्रम की थीम थी, अनेक भाषा-एक भाव और एक भारत श्रेष्ठ भारत। इस उत्सव का शुभारंभ विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य चमन भारतीय ने किया। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति, परंपरा, रीति रिवाज रिवायत, पुरातन और प्राचीन है, भारत एक ऐसा देश है, जो सभी भाषाओं का मान सम्मान और आदर करता है और भारत ही एक ऐसा देश है, जो भाषा को मां का स्थान भी देता है। भाषाओं में संवेदना है, मर्म है सुकून है और अस्मिता की पहचान है। भाषा देश की धडक़न होती है, हमें सभी भाषाओं का मान-सम्मान करना चाहिए और अपनी शब्दावली को भी बढ़ाते रहना चाहिए। भाषाओं को जब हम पढ़ते हैं, इसमें संवेदना, स्पंदन और जहां खुशियां जाहिर होती है, वहीं ज्ञान भी प्राप्त होता है।




**सिरसा।** जागरूकता कैंप में लोगों की जांच करते।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अवेयरनेस कैंप का

**सिरसा।** विधिक सेवा प्राधिकरण की स्वीकार न्याय और सम्मान स्कीम के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थानीय जेजे कॉलोनी पार्ट-2 में अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कैंप में पैनल एडवोकेट जतिन और अलका रानी व पीएलवी बलवान सिंह ने आमजन को निशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही जिला नागरिक अस्पताल, जिला कल्याण विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से डा. स्वाति यादव की टीम द्वारा मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया व पैनल एडवोकेट द्वारा हालसा एवं नालसा की विभिन्न स्कीम्स के बारे में आमजन को अवगत करवाया।

# प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए सर्टिफिकेट

- मशरूम की खेती के प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** प्रशिक्षणार्थियों सर्टिफिकेट वितरित करते हुए।

पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित मशरूम की खेती के प्रशिक्षण शिविर का वीरवार को समापन हुआ। शिविर में प्रतिभागिता करने वाले 28 प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम खेती प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट निदेशक जितेश कंबोज ने वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए रोजगारपरक क्रियाकलापों से प्रशिक्षणार्थी जो कुछ भी सीखते हैं, उससे वे बाहर जाकर अपना स्वयं का रोजगार चला सकते हैं। निदेशक कंबोज ने कहा कि कुशलता से स्वरोजगार करने के लिए बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुसार ऋण दिया जाता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार शुरू कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित किया। जितेश कंबोज ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में सदा आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ट्रेनर विनीता राजपूत ने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षणार्थियों ने मशरूम की खेती का प्रशिक्षण लिया है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर बेहतर तरीके से अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकते हैं।

### एएसआई शमशेर सिंह को किया सम्मानित

**टोहाना।** हेड कांस्टेबल से असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर यानि एएसआई पद पर पदोन्नत हुए शमशेर सिंह को डीएसपी उमेद सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। डीएसपी ने स्वयं उनके कंधों पर पदोन्नति का



बैज लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। डीएसपी उमेद सिंह ने कहा कि शमशेर सिंह अपनी सेवाकाल के दौरान ईमानदारी, तत्परता और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते आए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग को ऐसे कर्मठ और जिम्मेदार कर्मचारियों पर गर्व है, जो हर परिस्थिति में जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि एएसआई शमशेर सिंह आगे भी अपनी लगन और प्रतिबद्धता से पुलिस विभाग का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पदोन्नति केवल पद में वृद्धि नहीं, बल्कि कार्य के प्रति समर्पण, व्यवहारिक दक्षता और निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन का परिणाम होती है। यह अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है कि निरंतर मेहनत और निष्ठा से कार्य करने पर योग्यतानुसार सम्मान और अवसर अवश्य मिलते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शमशेर सिंह को बधाई दी और नई जिम्मेदारी को और अधिक मजबूती से काम करने की उम्मीद जताई।

### घने कोहरे में हादसों को रोकने के लिए सड़क नियमों की जानकारी होना जरूरी

# 55 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए रिफ्लेक्टर, लोगों को किया जागरूक

### लोगों से अपील, वाहन चलाते नशीली वस्तु का प्रयोग न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाते हुए यातायात पुलिस।

ट्रैफिक थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने शहर सिरसा व आसपास के क्षेत्रों में करीब 55 ट्रैक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर लगाकर आमजन को ट्रैफिक नियमों के बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगवाना सडक़ सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, खासकर रात या कोहरे वाले मौसम में कई बार घना कोहरा होने के चलते सडक़ हादसे हो जाते है,जिस कारण लोग अपनी जान गंवा बैठते है, इसलिए ऐसे हादसों को रोकने के लिए हमें ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी होनी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना रिफ्लेक्टर टेप के वाहन चलाते हुए पाया गया तो मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहन चालक को भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि दुपहिया व चौपहिया वाहन चलाते समय बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों के लिए खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घने कोहरे में सडक़ के बाएं किनारे को देखकर गाड़ी चलाएं यह कोहरे में सडक़ पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है, आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी पर रखें तथा वाहन की हेड लाइट को हाइबीम पर न रखे, ऐसा करने से कोहरे में रोशनी बिखर जाती और सामने कुछ नजर नहीं आता, इसलिए हेड लाइट को लो बीम पर रखें ताकि सामने से आने वाले वाहन को देखने में आसानी होगी और गाड़ी की सही स्थिति का पता चल सकेगा।

### चालकों की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

प्रदीप कुमार ने कहा कि हाइवे पर सडक़ों के किनारे पर बनी पीली लाइन को फोलो करके भी आसानी से गाड़ी चलाई जा सकती है। वाहन चलाते समय कहीं मुडऩा हो तो वाहन चालक ट्रैफिक नियमों अनुसार पहले से इंडिकेटर दें, जिससे दूसरी गाडिय़ों को टाइम मिल सके। वाहन चालक अपने वाहनों में फॉग लाइट आवश्यक तौर पर लगवाएं, यह धूंध को काटने में मददगार साबित होती हैं। कोहरा हो तो चालक अपने वाहन की गति तेज न रखें कोहरे के वक्त आगे चल रहे किसी वाहन को ओवरटेक करने की बजाय उचित दूरी कर फॉलो करें। जंहा तक संभव हो अगर कोहरा पड़ रहा है तो सडक़ों पर न निकलें। यातायात थाना प्रभारी ने बताया कि यदि भविष्य में वाहन चालकों ने सडक़ किनारे वाहन खड़ा किया तो वाहन को ट्रैफिक पुलिस द्वारा जब्त कर भारी जुर्माने से दंडित किया जाएगा। वाहन चालकों द्वारा लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाशत नही की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु का प्रयोग न करें,क्योंकि ऐसा करने से आप दुर्घटना के शिकार हो सकते हो।

## मनदीप का अग्निवीर भर्ती में हुआ चयन

**भट्टूकलां।** भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में गांव खाबड़ा कलां स्थित पीडीएम स्कूल के छात्र मनदीप सुपुत्र सुभाष गांव चूली बागडियान का चयन हुआ है। मनदीप के चयन से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया व डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने बताया कि यह सब शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन व बच्चों की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है। कड़ी मेहनत ही जीवन में सफलता का आधार है। यह हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है और हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता प्रदान करती है। कड़ी मेहनत करने वाले व्यक्ति ही जीवन में सफलता प्राप्त करते है। इसीलिए बच्चों सभी को कड़ी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए ताकि हम अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकें।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में कला वर्कशॉप का आयोजन

**फतेहाबाद।** बीएड प्रथम वर्ष विद्यार्थियों के शिक्षण अभ्यास के दौरान शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण महाविद्यालय, अहरवां के प्रवक्ता रविकांत गर्ग के नेतृत्व में सनराईज पब्लिक विद्यालय फूल में कला वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला के प्रति रुचि विकसित करना, शिक्षण प्रक्रिया में रचनात्मकता लाना जरूरी है।

### पोक्सो एक्ट मामले में नाबालिग आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के एक मामले में नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने जानकारी दी कि 4 नवंबर को एक शिकायतकर्ता ने थाना में शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया और आरोपी को काबू कर लिया।

### फर्जी जमानत दस्तावेज मामले में एक काबू

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत कराने के मामले में अनिल पुत्र महावीर निवासी कुलेरी, जिला हिसार को गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि अदालत द्वारा पारित आदेश में यह तथ्य सामने आया था कि एक महिला के नाम पर फर्जी आधार कार्ड, फर्जी जमीन रिकॉर्ड तथा दूसरी महिला के फोटोग्राफ का उपयोग कर आरोपी कुलदीप उर्फ मान की जमानत कराई गई थी। जांच में स्पष्ट हुआ कि इन फर्जी दस्तावेज़ों में पहचान करवाने का कार्य अनिल पुत्र महावीर द्वारा किया गया था।

### शराब ठेके के कारिंदे पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुराने बस स्टैण्ड के पास स्थित शराब ठेके में घुसकर कारिंदे से मारपीट करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लक्षण उर्फ कालू पुत्र शेर सिंह निवासी वाल्मीकि चौक, फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उप-निरीक्षक वेदपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता सुंदर लाल, निवासी शेखुपुर डडौली, फतेहाबाद ने थाना शहर फतेहाबाद में शिकायत दी थी कि वह पिछले करीब पाँच महीनों से माढिया वाइन शॉप, पुराना बस अड्डा, फतेहाबाद पर मुनिम का काम कर रहा है। 1 दिसंबर शाम करीब 7:40 बजे एक युवक ठेके पर आया और बीयर की एक पेटी लेने में आनाकानी करने लगा। बाद में भुगतान करने के बाद वह बाहर गया और फोन करके 8-9 अन्य लोगों को बुला लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, युवक ने बात करने के बहाने उसे गेट खोलने को कहा और फिर अपने साथियों के साथ अंदर घुस आया। सभी आरोपियों ने मिलकर शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौच की और डंडों व लात-घूसों से मारपीट की। इस दौरान शिकायतकर्ता को सिर, हाथ-पैर और कमर में चोटें आईं ।

## ‘ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन’ में 48 जगहों पर सर्च ऑप्रेशन चला

# प्रतिबंधित दवाओं और अवैध शराब की खेप के साथ नौ काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत शहर व गांवों के करीब 48 स्थानों पर सर्च अभियान चलाकर 2 मामले दर्ज कर 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि जिला के डिंग थाना पुलिस अवैध खुर्दा संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए गांव मौजूखेड़ा के पास दबिश देकर खुर्दा संचालक भागमल पुत्र बूटा राम निवासी गांव संगर साधा जिला सिरसा को गिरफ्तार कर उसके कब्जा से 14 बोतल अवैध शराब बरामद कर थाना डिंग में आबाकरी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

वहीं एक अन्य घटना में ऐलनाबाद पुलिस की एक टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टी प्वांइट ममेरां रोड ऐलनाबाद क्षेत्र से चार लोगों को सार्वजनिक जगह पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किए है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुभाष पुत्र रामजीलाल, संजय दास पुत्र रामेशवर दास निवासी वार्ड नंबर 15 ऐलनाबाद, महेंद्र पुत्र बनवारी लाल निवासी ढाणी शेरांवाली, राहुल पुत्र हरी सिंह निवासी वार्ड नंबर 10 ऐलनाबाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जा से 1700 रुपए की जुआराशि व ताश के पत्ते बरामद कर आरोपियों के खिलाफ थाना ऐलनाबाद में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जबकि जिला की ड्रग कंट्रोलर विभाग व सीआईए सिरसा की संयुक्त पुलिस टीम ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत से आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र परमजीत सिंह निवासी जेजे कॉलोनी सिरसा को सामान्य हस्पताल सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार कर उसके कब्जा से 290 नशीली प्रतिबंधित गोलियों के साथ काबू कर आगामी कार्रवाई हेतू ड्रग कंट्रोलर विभाग सिरसा के हवाले किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ‘ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन’ अभियान का उदेश्य अपराध एवं अपराधियों पर कारगर ढग़ से अंकुश लगाना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा तस्करों व अपराधियों का सिरसा से समूल सफाया करना तथा आमजन को सुरक्षित माहौल देना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

## 2.7 किलो अफीम के साथ 6 युवकों को पकड़ा


रतिया। अफीम सहित गिरफ्तार युवक। फोटो : हरिभूमि

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत सीआईए रतिया ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 युवकों को काबू किया है। पुलिस ने इनके पास से 2 किलो 706 ग्राम अफीम बरामद की है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि पुलिस ने शक के आधार पर आरोपियों को घाघर पुल, रतिया के पास रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के वाहन से कुल 2 किलो 706 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों की पहचान रंजीत उर्फ बोना पुत्र राजा सिंह, निवासी ब्राह्मणवाला, आशीष उर्फ चतरा पुत्र किरण सिंह, निवासी ब्राह्मणवाला, गोबिंद पुत्र सुखदेव सिंह निवासी रोजावाली, टिंकू पुत्र बलजीत सिंह निवासी ब्राह्मणवाला, कुलदीप सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी रत्ताखेड़ा तथा रविंदर सिंह पुत्र राजा सिंह निवासी सिरसीवाला, थाना बरेटा, पंजाब के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को तुरंत पुलिस कस्टडी में लिया गया और थाना शहर रतिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सट्टेबाजी करने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के दौरान जुआ खेलते हुए चार युवकों को मौके पर काबू किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि पुलिस टीम रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान मुख़बिर खास से सूचना मिली कि हुड्डा सेक्टर-8 में कुछ व्यक्ति पैसे दांव पर लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर रेड की और चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कृष्णा कुमार पुत्र सत्यानारायण निवासी आजाद नगर, फतेहाबाद, रविन्द्र कुमार पुत्र सुन्दर लाल निवासी काठ मंडी, फतेहाबाद, संदीप कुमार पुत्र मेहरचंद निवासी नजदीक शनि मंदिर, लाजपत नगर, फतेहाबाद तथा सुरेश कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी बरसीन के रूप में हुई है। मौके से पुलिस ने 4670 रुपये नगद तथा ताश के पत्ते बरामद किए। इस संबंध में थाना शहर फतेहाबाद में जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आरपीएस के आदिश ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण एनएसईजेएस, दूसरा चरण आईएनजेएसओ, तीसरा चरण ओसीएससी, चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आ ई जे ए स ओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


छात्र आदिश जैन।

इस अवसर पर ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। आरपीएस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। छात्र आदिश जैन ने विज्ञान व गणित विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन व माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी। शिक्षकों ने भी छात्र को जमकर सराहा।

**नाम रोशन किया**

डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतर राष्ट्रीय मंच है, जहां छात्र विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12 से 15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। प्रतियोगिता में आरपीएस के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया था।

### जिला टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 7 दिसंबर को

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप रविवार 7 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। यह चैम्पियनशिप सतीश कालोनी में अपैक्स पब्लिक स्कूल स्थित आरडीडी स्पोर्ट्स अकैडमी में होगी।

### प्रतिबंधित दवाओं की खेप के साथ काबू

**फतेहाबाद।** थाना शहर रतिया पुलिस ने नशे के खिलाफ एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक युवक को नशीली गोलियों सहित काबू किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम लाली मोड़-बुढ़लाडा रोड क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संता सिंह पुत्र नन्द सिंह निवासी नंगल नशीली गोलियां बेचने की गतिविधि में शामिल है। सूचना की पुष्टि पर पुलिस टीम तुरंत रतिया बस स्टैंड की ओर रवाना हुई। चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर एक युवक अचानक पीछे मुड़कर तेज़ कदमों से चलने लगा। संदेह होने पर उसे काबू किया गया, जिसकी पहचान संता सिंह निवासी नंगल के रूप में हुई।

### सिविल जज प्रशिक्षुओं ने किया राजकीय विद्यालय झलनियां का निरीक्षण

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झलनियां में सिविल जज जूनियर डिवीजन (प्रशिक्षु) तन्वी गर्ग और जैस्मिन बावा ने भाषा प्रयोगशाला, स्टैम लैब, विज्ञान व गणित प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रशिक्षु ने विद्यार्थियों को हमेशा आगे बढने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा आपके पास ऐसी ताकत है जिसके द्वारा आप बड़े से बड़े मुकाम को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए परिश्रम और मेहनत करें। इस दौरान विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं भावना और प्रतिज्ञा ने नशा मुक्ति पर भाषण दिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार, डीएमएस रमेश कुमार, तरुण गैरा, विनोद कुमार, प्राचार्य पुनीता रानी, प्रवक्ता सतीश कुमार, अनिल कुमार, राकेश कसवां, डीपीई प्रदीप दहिया, जसविंदर कौर, प्रियंका रानी, सीमा, सविता, सुमन देवी, मधु, गीता रानी, पूजा रानी, सुभाष, एबीआरसी पूनम रानी, रेनू बाला आदि मौजूद रहे।


फतेहाबाद। राजकीय विद्यालय, झलनिया का निरीक्षण करतीं (प्रशिक्षु) जज तन्वी गर्ग व जैस्मिन बावा।

## बाल विवाह में शामिल होने वाले सभी पक्ष नपेंगे

- जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए आयोजित किया गया शपथ समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। बाल विवाह मुक्त भारत की पहली वर्षगाठ पर कर्मचारियों को शपथ

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ पर स्कूलों, संस्थानों और ग्रामीण समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और पूरे जिले में शपथ समारोह संपन्न करवाए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने समुदायों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह में शामिल होने वाले किसी भी सेवा प्रदाता जैसे कैटरर, मेहमान, टेंट प्रदाता, या विवाह संपन्न कराने वाले धार्मिक व्यक्ति को दंडित किया जा सकता है। बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई और बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई गई। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि ये 100 दिन का गहन अभियान इस देश की दिशा बदलने और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण के करीब लाने की शक्ति रखते हैं। प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और समुदायों का यह अभूतपूर्व समन्वय बाल विवाह समाप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता में एक गेमचेंजर है। इस समन्वय और सामूहिक संकल्प के साथ हम अपने जिले को एक वर्ष के भीतर बाल विवाह मुक्त बना देंगे और अब कोई भी परदा इस अपराध को छुपा नहीं सकता। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि 100 दिनों का यह गहन जागरूकता अभियान तीन चरणों में आगे बढ़ाया जाएगा और इसका समापन 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा।

कार्यक्रम का पहला चरण 31 दिसंबर तक स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से जागरूकता फैलाने पर केंद्रित रहेगा। दूसरा चरण 1 से 31 जनवरी तक धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा तथा विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं जैसे वेडिंग हॉल, बैंड पार्टी और टेंट हाउस पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**तीसरा चरण**

तीसरा चरण 8 मार्च तक ग्राम पंचायतों और नगर पालिका वार्डों में समुदाय-आधारित सहभागिता और स्वामित्व को मजबूत करने पर आधारित होगा।

## शिव चरित्र बुद्धि को विशुद्ध व चित्त को निरुद्ध करने की साधना

- श्री रघुनाथ मंदिर में शिव पुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


प्रवचन करते स्वामी दिव्यानंद महाराज।

श्री रघुनाथ मंदिर फतेहाबाद में आयोजित शिव पुराण कथा में डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि महादेव शिव के चरित्र केवल सुनने के लिए नहीं, इन्हें पीना है, स्वयं, परिवार और समाज को भी पिलाना है। दिखने में आम सद्गृहस्थी का पारिवारिक स्थूल चरित्र दिखता है, किंतु नहीं, इनका सूक्ष्म अवलोकन भी होना चाहिए। ग्रंथों में शिव को विश्वास और पार्वती जी को श्रद्धा रूप कहा गया है। जरा सोचो विश्वास रूप शिव के तो तीन नेत्र हैं, त्रिलोचन हैं वे। किंतु हम शिव भक्त विश्वास के नाम पर अंध विश्वासी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिव को विष पीने की, पचाने की कला है और हमें घर गृहस्थ में छोटी-छोटी घटिया बातों को उगलने की आदत है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

**आशीर्वाद लिया**

इस अवसर पर मंदिर सभा अध्यक्ष टेक चंद मिढ़ा, नरेश सरदाना, नरेंद्र चानना, अनिल आहुजा, प्रदीप नारंग, भरत एवं मोहित बजाज ने आशीर्वाद लिया।

## मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजू मेहता व वाइस चेयरमैन ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

- पारदर्शिता से समस्याओं का समाधान करेंगे : मेहता

प्रदेश सरकार द्वारा 20 नवंबर को रतिया मार्केट कमेटी का राजू मेहता को चेयरमैन व कुलवंत सैनी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया था। आज भाजपा जिला प्रधान प्रवीण जोड़ा द्वारा मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों नियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्यभार दिलवाया। जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी अपने हर कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान देती है और उनका हर कार्यकर्ता पार्टी नीतियों के तहत काम करते हुए जन सेवा का कार्य करने में अग्रणी रहा है और उन्हें पूरी आशा है कि दोनों पदाधिकारी अपनी नियुक्ति को सार्थक करते हुए अपनी जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। नवनियुक्त चेयरमैन राजकुमार मेहता राजू ख़ुम्बर ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी के तहत मार्केट कमेटी पर मार्केट में किस प्रशासन व्यापारी वर्ग और किसानों के बीच कड़ी का काम करते हुए पारदर्शिता से हर समस्या का हल करवाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था, व्यापारी और किसानों में एकजुटता रहेगी। वाइस चेयरमैन कुलवंत सैनी ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा चेयरमैन, वाइस चेयरमैन के साथ नियुक्त किए गए सभी 17 सदस्यों अनूप जल्लोपुर, नक्षत्र पिलछिया, अजैब हुकमावाली सहित अन्य मौजूद रहे।


रतिया। मार्केट कमेटी चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को कार्यभार ग्रहण करते बीजेपी जिलाध्यक्ष।

## भजनों से किया महामाई की महिमा का गुणगान

- चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सर्व श्री वैष्णो भजन मंडल फतेहाबाद द्वारा 51 शक्ति पीठों को निमित 51 दिन महामाई का गुणगान किया जा रहा है। इसको लेकर मां ज्वाला जी से पवित्र ज्योति फतेहाबाद लाई गई है।

51 दिन, 51 चौकी, 51 घरों में मां का गुणगान के 17 दिन माँ की पावन ज्योति शर्मा निवास पर पहुंची। सतीश कॉलोनी स्थित शर्मा निवास पर माँ की महिमा का गुणगान किया गया। शर्मा परिवार ने माँ की ज्योति प्रचंड करके उसके बाद दीप प्रज्वलित किया। उसके बाद मां के सेवक राजकुमार शर्मा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने माँ के चरणों मे प्रणाम किया और और सुंदर भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत टुटेजा ने ‘राधे राधे बोल श्याम आयेंगे, चलो दरबार माँ दे, करलो दीदार माँ दे’ भजनों के साथ दरबार में हाजिरी लगाई। उसके बाद भजनाचार्य ईश मेहता ने मां की महिमा का स्मरण किया।



### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस

**कालांवाली।** पुलिस ने गश्त के दौरान रोड़ी रोड टी प्वाइंट क्षेत्र से एक युवक को 6.130 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। कालांवाली थाना प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि एसआई रामस्वरूप पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव रोड़ी रोड टी प्वाइंट थाना रोड मंडी कालांवाली पर नाकाबंदी के दौरान मौजूद थे। इस दौरान गांव कालांवाली की ओर से एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर कार वापस मुड़कर जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त शख्स को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके पास 6.130 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान जगसीर सिंह उर्फ बोडा पुत्र बग्गा सिंह निवासी गांव कालांवाली के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

**कार्यक्रम** नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और समाज में मीडिया की भूमिका पर ‘वार्ता’ का आयोजन

# सकारात्मक रिपोर्टिंग और सामूहिक प्रयास से ही समाज में हो सकता है बड़ा बदलाव : उपायुक्त

**वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। मीडिया कार्यशाला ‘वार्ता’ को संबोधित करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रैस इंफोरमेशन ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा वीरवार को हरियाणा के सिरसा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित मीडिया कार्यशाला ‘वार्ता’ का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और समाज में मीडिया की भूमिका आदि विषयों पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य इन विषयों पर विभिन्न आयामों पर सरकार और चौथे स्तंभ के बीच सार्थक संवाद और विचारों के उपयोगी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। जिला प्रशासन की ओर से इस मीडिया कार्यशाला में उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण, पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका एवं किसानों और औद्योगिक संस्थानों के योगदान से अबकी बार पराली जलाने की घटनाओं में पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कमी आई है। विभाग और किसानों के बीच में बेहतर सामंजस्य स्थापित हुआ है। प्रशासन द्वारा विभिन्न मुहिम चलाकर पर्यावरण से संबंधित लोगों को जागरूक किया गया। सभी के सामूहिक प्रयासों से जिला में पराली जलाने की घटना में कमी आई है और फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि नशे के प्रति जनता में जागरूकता लाने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि आजकल नशा सभी के लिए एक चिंता का विषय है, इसके समाधान के लिए प्रशासन के साथ-साथ लोगों को भी अपनी सहभागिता निभाने की आवश्यकता है।

**वार्ता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला**

इससे पहले, पीआईबी चंडीगढ़ के मीडिया एवं संचार अधिकारी अहमद खान ने वार्ता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वार्ता जन कल्याण योजनाओं को मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने वर्कशॉप के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों एवं इकाइयों के कामकाज पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस मौके पर सीडीएलयू सिरसा से डा. एम. काशिफ किदवई ने पर्यावरण संरक्षण व पराली प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, वर्तमान स्थिति और भविष्य की जरूरतों पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।